रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

Test Date	01/09/2025
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB NTPC Under Graduate CBT I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Awareness**

Q.1 भारत का पहला क्रियाशील छह लेन वाला एक्सप्रेसवे, लगभग 95 km लंबा मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किस वर्ष किया गया था?

Ans
✔ 1. 2002
✗ 2. 2000
✗ 3. 2004
✗ 4. 1998

Q.2 निम्नलिखित में से किस वर्ष राष्ट्रीय दूरसंचार नीति (NTP) तैयार की गई थी, जिसमें शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक 500 व्यक्तियों के लिए एक पब्लिक कॉल ऑफिस (PCO) के उद्देश्य की परिकल्पना की गई थी?

Ans
✔ 1. 1994
✗ 2. 1992
✗ 3. 1997
✗ 4. 1999

Q.3 निम्नलिखित में से किस भारतीय मंत्रालय ने मार्च 2025 में परामर्श प्रक्रिया के हिस्से के रूप में आम जनता और हितधारकों से टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित करने के लिए खेलों में आयु धोखाधड़ी के विरुद्ध राष्ट्रीय संहिता (NCAAFS) 2025 का ड्राफ्ट सार्वजनिक डोमेन में रखा है?

Ans
✗ 1. विधि एवं न्याय मंत्रालय
✗ 2. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
✗ 3. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
✔ 4. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय

Q.4 2025 में गुजरात की किस प्रख्यात कथक नृत्यांगना को भारतीय शास्त्रीय नृत्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया?

Ans
✗ 1. मल्लिका साराभाई
✗ 2. रुक्मिणी देवी
✔ 3. कुमुदिनी लाखिया
✗ 4. सोनल मानसिंह

Q.5 दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान, भारत में वर्षा के असमान वितरण का कारण निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
✗ 1. मानसूनी पवनें हर जगह समान रूप से बहती हैं।
✗ 2. हिमालय, मानसून की समस्त वर्षा को रोक देता है।
✔ 3. पर्वतमालाएं, पवन की दिशा और तीव्रता को प्रभावित करती हैं।
✗ 4. समस्त वर्षा दक्षिणी राज्यों में ही होती है।

Q.6	2025 में, किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर नज़र रखने के लिए 'शिष्टाचार' दस्ते का शुभारंभ किया?
Ans	✗ 1. हरियाणा ✗ 2. पुडुचेरी ✗ 3. महाराष्ट्र ✓ 4. दिल्ली

Q.7	उदारीकरण के बाद भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या थी?
Ans	✗ 1. पूंजी प्रवाह में कमी ✗ 2. उच्च औद्योगिक लाइसेंसिंग शुल्क (licensing fees) ✗ 3. कच्चे माल की कमी ✓ 4. सस्ते आयात से बढ़ती प्रतिस्पर्धा

Q.8	भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद का उल्लेख है?
Ans	✗ 1. अनुच्छेद 80 ✗ 2. अनुच्छेद 76 ✗ 3. अनुच्छेद 85 ✓ 4. अनुच्छेद 74

Q.9	फ़रायज़ी आंदोलन, 19$^{वीं}$ शताब्दी में _______ में हुआ एक धार्मिक सुधार आंदोलन था।
Ans	✗ 1. राजस्थान ✗ 2. महाराष्ट्र ✓ 3. बंगाल ✗ 4. गुजरात

Q.10	निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद शोषण के विरुद्ध अधिकार से संबंधित हैं?
Ans	✗ 1. अनुच्छेद 31–32 ✗ 2. अनुच्छेद 29–30 ✗ 3. अनुच्छेद 25–28 ✓ 4. अनुच्छेद 23–24

Q.11	मई 2025 में लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित बाफ्टा टीवी अवार्ड्स (BAFTA TV Awards) में बेबी रेनडियर (Baby Reindeer) में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार किसने जीता?
Ans	✗ 1. हेलेना बोनहम कार्टर (Helena Bonham Carter) ✗ 2. लेस्ली मैनविल (Lesley Manville) ✗ 3. ओलिविया कोलमन (Olivia Colman) ✓ 4. जेसिका गनिंग (Jessica Gunning)

Q.12	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने निम्नलिखित में से किस विश्वविद्यालय के सहयोग से मार्च 2025 में भारत मंडपम, नई दिल्ली में संगोष्ठी 'भारत 2047: जलवायु-लचीले भविष्य का निर्माण (India 2047: Building a Climate-Resilient Future)' का आयोजन किया?
Ans	✗ 1. यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन ✗ 2. मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ✓ 3. हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ✗ 4. यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो

Q.13	निम्नलिखित में से किस तत्व की परमाणु त्रिज्या सबसे बड़ी होती है?
Ans	✔ 1. Rb ✘ 2. K ✘ 3. Li ✘ 4. Na

Q.14	भारत की सबसे लंबी झील, वेम्बनाड झील, जो गंभीर रूप से निम्नीकरण का सामना कर रही है, किस राज्य में स्थित है?
Ans	✘ 1. ओडिशा, जो चिलिका झील पारिस्थितिक तंत्र के लिए प्रसिद्ध है ✘ 2. पश्चिम बंगाल, सुंदरबन मैंग्रोव वनों के पास है ✔ 3. केरल, जो अपने पश्चजल और लैगून के लिए प्रसिद्ध है ✘ 4. असम, जो ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन का घर है

Q.15	Alt + F4 शॉर्टकट का कार्य क्या है?
Ans	✘ 1. डॉक्यूमेंट सेव करना ✘ 2. एक नई विंडो ओपन करना ✘ 3. ब्राउजर रिफ्रेश करना ✔ 4. करंट विंडो या एप्लिकेशन क्लोज करना

Q.16	2025 में बुद्ध पूर्णिमा किस तिथि को मनाई गई?
Ans	✘ 1. 19 फरवरी ✘ 2. 23 मार्च ✔ 3. 12 मई ✘ 4. 10 अप्रैल

Q.17	निम्नलिखित में से कौन-सा पौधों में सुघट्यता का उदाहरण है?
Ans	✘ 1. फोटोट्रोपिज्म (Phototropism) ✔ 2. हेटरोफिली (Heterophylly) ✘ 3. वर्नालाइजेशन (Vernalisation) ✘ 4. फोटोपीरियोडिज्म (Photoperiodism)

Q.18	संविधान के अनुच्छेद 323B के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
Ans	✔ 1. यह कराधान, भूमि सुधार और श्रम विवादों जैसे मामलों के लिए अधिकरणों की अनुमति देता है। ✘ 2. यह केवल सशस्त्र बलों हेतु अधिकरणों के गठन की अनुमति देता है। ✘ 3. यह अधिकरणों को केवल पर्यावरणीय मामलों तक ही सीमित रखता है। ✘ 4. यह राज्यों को स्थानीय शासन हेतु अधिकरण स्थापित करने का अधिकार देता है।

Q.19	जलवायु मानचित्र मुख्यतः ___________ से संबंधित आंकड़ों पर आधारित होते हैं।
Ans	✔ 1. तापमान और वर्षा ✘ 2. केवल मृदा आर्द्रतांश ✘ 3. औद्योगिक क्षेत्रों ✘ 4. जनसंख्या वृद्धि

Q.20	निम्नलिखित में से कौन प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय नर्तकी है, जिन्हें भरतनाट्यम को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए जाना जाता है?
Ans	✘ 1. सोनल मानसिंह ✔ 2. रुक्मिणी देवी अरुंडेल ✘ 3. हेमा मालिनी ✘ 4. मल्लिका साराभाई

Q.21 छठी शताब्दी ई. में बीजान्टियम द्वारा रेशम का उत्पादन सीखने के कारण, निम्नलिखित में से कौन-सा विदेशी व्यापार संबंध बुरी तरह प्रभावित हुआ?

Ans
- ✗ 1. इंडो-रोमन व्यापार
- ✗ 2. इंडो-अरब व्यापार
- ✓ 3. इंडो-बीजान्टिन व्यापार
- ✗ 4. इंडो-फारसी व्यापार

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभावशाली कवि उलटबासी (जिसे उलटबांसी भी लिखा जाता है) के प्रयोग के लिए प्रसिद्ध था, जो विरोधाभासों और रहस्यों से युक्त एक विशिष्ट काव्य शैली थी?

Ans
- ✗ 1. रामधारी सिंह दिनकर
- ✗ 2. बाल कृष्ण शर्मा नवीन
- ✓ 3. कबीर
- ✗ 4. अज्ञेय

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य का नीति निर्देशक सिद्धांत, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 के तहत प्रदान किया गया है?

Ans
- ✓ 1. ग्राम पंचायतों का संगठन
- ✗ 2. समान नागरिक संहिता का प्रावधान
- ✗ 3. कृषि और पशुपालन का संगठन
- ✗ 4. ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों का संवर्धन

Q.24 भाखड़ा नांगल बांध किस नदी पर बनाया गया है?

Ans
- ✗ 1. गंगा
- ✗ 2. रावी
- ✓ 3. सतलुज
- ✗ 4. यमुना

Q.25 गांधीजी ने रॉलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह का आह्वान निम्नलिखित में से किस वर्ष किया था?

Ans
- ✓ 1. 1919
- ✗ 2. 1930
- ✗ 3. 1915
- ✗ 4. 1922

Q.26 EWS आरक्षण प्रदान करने के लिए 103वें संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में कौन-से अनुच्छेद जोड़े गए थे?

Ans
- ✓ 1. अनुच्छेद 15(6) और 16(6)
- ✗ 2. अनुच्छेद 18A और 19A
- ✗ 3. अनुच्छेद 21C और 22A
- ✗ 4. अनुच्छेद 14A और 16A

Q.27 बेरोजगारी, कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करने में अर्थव्यवस्था की अक्षमता को दर्शाती है। भारत में कौन-सा संगठन आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) करता है?

Ans
- ✗ 1. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
- ✗ 2. नीति आयोग
- ✗ 3. RBI (भारतीय रिजर्व बैंक)
- ✓ 4. NSO (राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय)

Q.28 उत्तरकाशी जिले में गौमुख (3,900 m) के निकट स्थित गंगोत्री हिमनद से कौन-सी नदी निकलती है?

Ans
- ✗ 1. यमुना नदी
- ✓ 2. भागीरथी नदी
- ✗ 3. सोन नदी
- ✗ 4. चिनाब नदी

Q.29 निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व आवर्त सारणी के s-ब्लॉक से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. लोहा
- ✗ 2. क्लोरीन
- ✗ 3. यूरेनियम
- ✓ 4. कैल्शियम

Q.30 जुलाई 2024 में IIT-मद्रास में '6G के लिए पारंपरिक और क्वांटम संचार' पर उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किस अम्ब्रेला प्रोग्राम के अंतर्गत किया जाएगा?

Ans
- ✗ 1. MeitY FutureNET
- ✓ 2. दूरसंचार उत्कृष्टता केंद्र (टीसीओई)-भारत (Telecom Centres of Excellence (TCoE)-India)
- ✗ 3. इन-स्पेस (IN-SPACe)
- ✗ 4. SAMARQAND

Q.31 निम्नलिखित मुगल शासकों में से किसे अंतिम शक्तिशाली मुगल शासक माना जाता है?

Ans
- ✓ 1. औरंगज़ेब (Aurangzeb)
- ✗ 2. बहादुर शाह ज़फ़र (Bahadur Shah Zafar)
- ✗ 3. दारा शिकोह (Dara Shukoh)
- ✗ 4. शाहजहाँ (Shah Jahan)

Q.32 2025 में ब्रिक्स (BRICS) बैठक में साझा किए गए भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) मॉडल का एक प्रमुख लाभ क्या है?

Ans
- ✗ 1. कर दरों में वृद्धि करना
- ✓ 2. वित्तीय अपवर्जन को कम करना
- ✗ 3. अंतरिक्ष अन्वेषण को बढ़ावा देना
- ✗ 4. डिजिटल गैजेट्स का निर्यात करना

Q.33 मैकिन्से एंड कंपनी और BoF की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, 2028 तक भारत की अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल (UHNWI) आबादी में कितने प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है?

Ans
- ✓ 1. 50%
- ✗ 2. 60%
- ✗ 3. 30%
- ✗ 4. 40%

Q.34 भारत में दूसरे वेतन आयोग की नियुक्ति किस वर्ष की गई थी?

Ans
- ✓ 1. 1957
- ✗ 2. 1965
- ✗ 3. 1950
- ✗ 4. 1962

Q.35 2025 में, किस संगठन ने उच्च दाब समुद्री जल विलवणीकरण के लिए एक नयी नैनोपोरस (nanoporous) बहुस्तरित बहुलक कला विकसित किया है?

Ans
- ✗ 1. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद
- ✗ 2. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
- ✓ 3. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
- ✗ 4. भारतीय विज्ञान संस्थान

Q.36 भारत में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा की जाने वाली आर्थिक गतिविधियों का वर्गीकरण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ 1. औद्योगिक वर्गीकरण संरचना-2005
- ✗ 2. भारतीय वर्गीकरण संहिता-2000
- ✗ 3. राष्ट्रीय कृषि एवं औद्योगिक वर्गीकरण संहिता-2009
- ✓ 4. राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण-1998

Q.37 विंडोज़ में किसी फ़ाइल या फ़ोल्डर को रिनेम करने के लिए किस कुंजी (key) का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. CTRL + N
- ✓ 2. F2
- ✗ 3. F5
- ✗ 4. ESC + N

Q.38 जनवरी 2025 में जारी हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में किस देश ने लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष स्थान बरकरार रखा?

Ans
- ✗ 1. जर्मनी
- ✗ 2. जापान
- ✓ 3. सिंगापुर
- ✗ 4. दक्षिण कोरिया

Q.39 निम्नलिखित में से कौन-सा विषय समवर्ती सूची के अंतर्गत आता है?

Ans
- ✓ 1. दंड-विधि
- ✗ 2. बैंकिंग
- ✗ 3. रक्षा
- ✗ 4. पुलिस

Q.40 2025 में, संयुक्त राष्ट्र ने किन दो देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष में मिसाइलों हमलों के तीव्र होने के बाद शांति वार्ता का आह्वान किया?

Ans
- ✗ 1. रूस और यूक्रेन
- ✗ 2. उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया
- ✗ 3. भारत और श्रीलंका
- ✓ 4. इज़राइल और ईरान

Section : Mathematics

Q.1 दो संख्याओं का योगफल 52 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 651 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 29, 23
- ✗ 2. 24, 28
- ✗ 3. 36, 16
- ✓ 4. 31, 21

Q.2 10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं।

20, 20, 20, 19, 14, 18, 20, 12, 11, 17

डेटा का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 18
- ✗ 2. 14
- ✓ 3. 20
- ✗ 4. 19

Q.3	ट्रेन A, स्टेशन M से 7:55 a.m. पर निकलती है और उसी दिन 2:55 p.m. पर स्टेशन N पहुँचती है। ट्रेन B, स्टेशन N से 9:55 a.m. पर निकलती है और उसी दिन 2:55 p.m. पर स्टेशन M पहुँचती है। ट्रेन A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ 1. 4:48 p.m. ✗ 2. 4:08 p.m. ✗ 3. 1:49 a.m. ✓ 4. 12:00 p.m.

Q.4	एक जिले की जनसंख्या 342000 है, जिसमें से 228000 पुरुष हैं। 44% जनसंख्या साक्षर है। यदि 59% पुरुष साक्षर हैं, तो कितने प्रतिशत महिलाएँ साक्षर हैं?
Ans	✗ 1. 16% ✗ 2. 17% ✗ 3. 12% ✓ 4. 14%

Q.5	दिया गया है कि $95^{0.53} = x$, $95^{0.83} = y$ और $x^z = y^8$ है, तो z का मान ___________ के निकटतम होगा।
Ans	✓ 1. 12.53 ✗ 2. 13.4 ✗ 3. 11.75 ✗ 4. 15.92

Q.6	एक व्यापारी अपने माल पर उसके क्रय मूल्य से 24% अधिक मूल्य अंकित करता है। वह ग्राहक को अंकित मूल्य पर 13% की छूट देता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ 1. 6.48% ✓ 2. 7.88% ✗ 3. 8.55% ✗ 4. 5.76%

Q.7	यदि माता की वर्तमान आयु का 2 गुना, उनकी पुत्री की वर्तमान आयु के 5 गुना से 25 वर्ष अधिक है, और पुत्री की वर्तमान आयु का 3 गुना, माता की वर्तमान आयु से 9 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की आयु के बीच का अंतर (वर्षों में) कितना है?
Ans	✗ 1. 28 ✗ 2. 25 ✗ 3. 20 ✓ 4. 23

Q.8	$3^2 + \sqrt{4^2} - 5\sqrt{81} - 4$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ 1. -41 ✗ 2. -42 ✗ 3. -32 ✓ 4. -36

Q.9	ABCD एक समलम्ब चतुर्भुज है जिसमें BC ∥ AD और AC = CD है। यदि ∠ABC = 70° और ∠BAC = 62° है, तो ∠ACD की माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ 1. 82 ✗ 2. 75 ✗ 3. 92 ✓ 4. 84

Q.10 ₹1,200 पर 4% प्रति माह की ब्याज दर से 6 माह का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹48
- ✓ 2. ₹24
- ✗ 3. ₹44
- ✗ 4. ₹288

Q.11 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$\frac{1+\cot^2\theta}{1+\tan^2\theta}$$

Ans
- ✗ 1. $\cot^2\theta - 1$
- ✗ 2. $\sec^2\theta - 1$
- ✗ 3. $\tan^2\theta - 1$
- ✓ 4. $\operatorname{cosec}^2\theta - 1$

Q.12 एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 43 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 13 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 33.91
- ✗ 2. 32.91
- ✗ 3. 34.91
- ✗ 4. 35.91

Q.13 पाइप P, किसी टैंक के $\frac{2}{9}$ भाग को 20 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{5}{9}$ भाग को 10 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 3 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 8 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
- ✗ 1. 42 घंटे
- ✓ 2. 24 घंटे
- ✗ 3. 41 घंटे
- ✗ 4. 29 घंटे

Q.14 M और N ने एक व्यवसाय शुरू किया। M ने 2 महीने के लिए N से ₹31,000 अधिक निवेश किया, जबकि N ने 7 महीने के लिए निवेश किया। ₹5,977 के कुल लाभ में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹139 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹42,441
- ✗ 2. ₹42,561
- ✓ 3. ₹42,625
- ✗ 4. ₹42,529

Q.15 यदि किसी गोले का व्यास 64 cm है, तो उसका पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 3994π cm^2
- ✗ 2. 4171π cm^2
- ✗ 3. 4044π cm^2
- ✓ 4. 4096π cm^2

Q.16 9 पेन और 14 पेंसिलों की कीमत ₹95 है। यदि एक पेन की कीमत ₹3 कम हो जाती है और एक पेंसिल की कीमत ₹7 बढ़ जाती है, तो 9 पेन और 3 पेंसिलों की कीमत ₹78 हो जाती है। 17 पेन और 13 पेंसिलों की मूल कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹162
- ✗ 2. ₹169
- ✗ 3. ₹161
- ✓ 4. ₹166

Q.17 अमित, नेहा और किरण ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,220, ₹1,370 और ₹1,110 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,160 है, तो लाभ में किरण का हिस्सा कितना है?

Ans
- ✗ 1. ₹351
- ✗ 2. ₹347
- ✓ 3. ₹348
- ✗ 4. ₹345

Q.18 पाइप A किसी टैंक को 16 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 21 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 11 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में उन्हें कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ 1. $1\frac{724}{743}$ घंटे
- ✓ 2. $4\frac{724}{743}$ घंटे
- ✗ 3. $2\frac{724}{743}$ घंटे
- ✗ 4. $5\frac{724}{743}$ घंटे

Q.19 पल्लवी ने एक खिलौना ₹670 में खरीदा, उसे ₹10 की लागत से सजाया और खिलौने को ₹290 में बेच दिया। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $\frac{985}{17}\%$ लाभ
- ✗ 2. $\frac{975}{17}\%$ लाभ
- ✗ 3. 975% हानि
- ✓ 4. $\frac{975}{17}\%$ हानि

Q.20 किसी संख्या में 100% की वृद्धि करने पर 2760 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 690
- ✗ 2. 4140
- ✗ 3. 2760
- ✓ 4. 1380

Q.21 24 फरवरी 2024 को जमा की गई और 25 अप्रैल 2024 को निकाली गई ₹4,000 की राशि पर 6.75% वार्षिक दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹44
- ✗ 2. ₹46
- ✗ 3. ₹43
- ✓ 4. ₹45

Q.22 संख्या 2.6 और 0.084 का लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 0.546
- ✗ 2. 5.46
- ✗ 3. 546
- ✓ 4. 54.6

Q.23 40 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 30 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $\frac{100}{10}\%$ लाभ
- ✗ 2. $\frac{100}{10}\%$ हानि
- ✗ 3. 25% लाभ
- ✓ 4. 25% हानि

Q.24 $\frac{5}{4}+\left(\frac{1}{1+\frac{5}{7}}\right)-\frac{3}{5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $\frac{43}{34}$
- ✗ 2. $\frac{36}{23}$
- ✗ 3. $\frac{46}{33}$
- ✓ 4. $\frac{37}{30}$

Q.25 नए साल की पूर्व संध्या पर, एक ब्रांडेड वॉशिंग मशीन 15% की छूट के बाद ₹34,340 में बेची जाती है। इसका अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 44,000
- ✓ 2. 40,400
- ✗ 3. 45,400
- ✗ 4. 44,500

Q.26 किसी समकोण त्रिभुज की भुजाएँ क्रमशः x cm, (x + 2) cm और (x + 4) cm हैं। यदि त्रिभुज का क्षेत्रफल 24 cm^2 है, तो उसका परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 26
- ✗ 2. 30
- ✓ 3. 24
- ✗ 4. 28

Q.27 संख्या 488309139 निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
- ✗ 1. 11
- ✗ 2. 10
- ✓ 3. 9
- ✗ 4. 13

Q.28 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$3\left(\left(\frac{4}{3}\right)x^2 - 21x + 12\right) - 4(x^2 + 4x - 14)$

Ans
1. −79x + 92 ✔
2. 79x − 92 ✗
3. 79x + 92 ✗
4. −79x − 92 ✗

Q.29 एक व्यक्ति भोपाल से इंदौर 9 km/hr की चाल से जाता है और उसी मार्ग से 18 km/hr की चाल से भोपाल वापस आता है। संपूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12 ✔
2. 9 ✗
3. 6 ✗
4. 15 ✗

Q.30 यदि पहली संख्या का 79%, दूसरी संख्या के $\frac{4}{9}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात कितना है?

Ans
1. 400 : 711 ✔
2. 396 : 709 ✗
3. 404 : 716 ✗
4. 399 : 706 ✗

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.1 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंको वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 284 517 639 741 425 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि सभी संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
1. तीन ✗
2. एक की भी नहीं ✔
3. चार ✗
4. दो ✗

Q.2 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पति है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'G ÷ I x L + N – P' है, तो G का P से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई ✔
2. माता के पिता ✗
3. माता का भाई ✗
4. पिता का भाई ✗

Q.3 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 2 4 7 11 ?

Ans
✔ 1. 16
✘ 2. 18
✘ 3. 17
✘ 4. 15

Q.4 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. FBY
✘ 2. XTQ
✔ 3. IEA
✘ 4. RNK

Q.5 L, M, N, O, Q, R और S एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। M, O के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। O और R का निकटतम पड़ोसी N है। S, R के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Q, M का निकटतम पड़ोसी नहीं है। L के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✘ 1. M
✔ 2. R
✘ 3. O
✘ 4. S

Q.6 कादिर बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए पूर्व की ओर 1 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 7 km पश्चिम की ओर
✘ 2. 5 km उत्तर की ओर
✔ 3. 4 km उत्तर की ओर
✘ 4. 6 km पश्चिम की ओर

Q.7 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

LOCK – OLCK – LCKO
ACNE – CANE – ANEC

Ans
✘ 1. HUNT – HNUT – TNUH
✔ 2. BEAM – EBAM – BAME
✘ 3. OILS – IOLS – SILO
✘ 4. FROG – RFOG – ROGF

Q.8 यदि + का अर्थ –, – का अर्थ ×, × का अर्थ ÷ और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न- चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

20 ÷ 55 × 5 + 7 – 4 = ?

Ans
✘ 1. 17
✘ 2. 13
✔ 3. 3
✘ 4. 8

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

✗ 1. OQK

✓ 2. KNZ

✗ 3. TVP

✗ 4. LNH

Q.10 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

✓ 1. GB-EJ

✗ 2. LG-JN

✗ 3. JE-HL

✗ 4. OJ-MQ

Q.11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ कपड़े, रूमाल हैं।
सभी तौलिए, रूमाल हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ कपड़े, तौलिए हैं।
(II): सभी रूमाल, तौलिए हैं।

Ans

✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✓ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.12 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा इत्यादि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
17, 153
31, 279

Ans

✗ 1. 14, 122

✗ 2. 35, 326

✓ 3. 43, 387

✗ 4. 22, 216

Q.13 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
G के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। G और A के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। E के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, F के ठीक बाईं ओर बैठा है। B, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

✗ 1. 3

✓ 2. 2

✗ 3. 1

✗ 4. 4

Q.14 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 4 & # $ 4 7 6 6 & 1 * $ 2 © 9 4 8 € $ * 4 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
1. 3
2. 1
3. 2 ✔
4. 4

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

QVO SRN ? WJL YFK

Ans
1. NHG
2. UNM ✔
3. VML
4. MKL

Q.16 फ़ारूक अपनी कक्षा में शीर्ष से 28वें और नीचे से 35वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 63
2. 61
3. 62 ✔
4. 60

Q.17 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

WISE - EWSI - WEIS
PLUS - SPUL - PSLU

Ans
1. PAWN - NPWA - PANW
2. DOSE - ODSE - EOSD
3. BORN - NBRO - BNOR ✔
4. PAGE - EPAG - AGEP

Q.18 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'WAVE' को '3257' के रूप में और 'VOLT' को '1346' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'V' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 7
2. 5
3. 3 ✔
4. 1

Q.19 यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '−' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
13 − 5 ÷ 5 × 5 + 13 × 13 − 9 × 3 ÷ 3 − 108 = ?

Ans
1. 134 ✔
2. 129
3. 110
4. 90

Q.20 एक निश्चित तरीके से, UP 16 का संबंध TK 4 से है। उसी तरीके से, YT 23 का संबंध XO 11 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, KG 13 का सबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ 1. IB 3
- ✗ 2. JA 3
- ✓ 3. JB 1
- ✗ 4. IA 1

Q.21 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

12 21 38 79 160 ?

Ans
- ✗ 1. 219
- ✓ 2. 297
- ✗ 3. 279
- ✗ 4. 291

Q.22 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ विग, गुलाब हैं।
सभी गुलाब, कीड़े हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ विग, कीड़े हैं।
निष्कर्ष (II): सभी कीड़े, गुलाब हैं।

Ans
- ✓ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.23 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'VAST' को '7892' और 'SAVE' को '8629' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?

Ans
- ✓ 1. 6
- ✗ 2. 2
- ✗ 3. 9
- ✗ 4. 8

Q.24 उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े 126 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, मिस्टर इंटू दाएं छोर से 11वें स्थान पर हैं जबकि मिस्टर टोनी बाएं छोर से 12वें स्थान पर हैं। मिस्टर इंटू और मिस्टर टोनी के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✗ 1. 102
- ✓ 2. 103
- ✗ 3. 101
- ✗ 4. 104

Q.25 राम, बिंदु A से अपनी यात्रा शुरू करता है। फिर वह पश्चिम की ओर 4 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। उसके बाद वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करके रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. 5 km, पूर्व की ओर
- ✗ 2. 8 km, दक्षिण की ओर
- ✗ 3. 3 km, उत्तर की ओर
- ✓ 4. 3 km, पश्चिम की ओर

Q.26 यदि संख्या 95423671 के प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में एक से अधिक बार आने वाले अंकों का योग कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 6
- ✓ 2. 12
- ✗ 3. 8
- ✗ 4. 10

Q.27 सात बॉक्स A, B, C, D, K, L और O एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। B के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। B और C के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। D और L के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। L को C के ठीक ऊपर रखा गया है। D और K के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। A को O के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।
कौन-सा बॉक्स, A के नीचे दूसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
- ✗ 1. B
- ✗ 2. D
- ✗ 3. O
- ✓ 4. C

Q.28 यदि संख्या 3875269 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. एक की भी नहीं
- ✗ 3. तीन
- ✓ 4. एक

Q.29 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
57, 63, 71, 81, 93, ?

Ans
- ✗ 1. 154
- ✗ 2. 170
- ✓ 3. 107
- ✗ 4. 105

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

LXU -2 OTT 4 RPS -8 ? XHQ -32

Ans
- ✗ 1. FHT 15
- ✓ 2. ULR 16
- ✗ 3. PHR 13
- ✗ 4. VXL 19